संख्या-96 /2025/1897 /तीस-3-2025 (ई 1718095)

प्रेषक,

अमित गुप्ता,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक : 28 जुलाई, 2025

विषय: परिवहन आयुक्त संगठन में 03 नवीन परिक्षेत्र गोरखपुर, बुन्देलखण्ड (झांसी) एवं अयोध्या के गठन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-6078ई/2023-113 ई/2023 दिनांक 10.11.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा परिवहन आयुक्त संगठन के विभागीय संवर्ग के सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में कार्यालय परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के स्तर पर गठित समिति की संस्तुति संलग्न कर शासन को यथावश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गयी है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल परिवहन आयुक्त संगठन में 03 नवीन परिक्षेत्र गोरखपुर, बुन्देलखण्ड (झांसी) एवं अयोध्या गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। नवीन परिक्षेत्रों के गठन के उपरांत परिक्षेत्रीय ढांचा निम्नानुसार होगा :-

क्र0सं0	परिक्षेत्र का नाम	संभाग का नाम
1	लखनऊ	लखनऊ, देवीपाटन-गोण्डा
2	अयोध्या	अयोध्या, बस्ती
3	कानपुर	कानपुर, प्रयागराज
4	झांसी	चित्रकूटधाम-बांदा, झांसी
5	मेरठ	मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर
6	आगरा	आगरा, अलीगढ
7	बरेली	बरेली, मुरादाबाद
8	वाराणसी	वाराणसी, मीरजापुर
9	गोरखपुर	गोरखपुर, आजमगढ़

3. उपर्युक्त 03 नवीन परिक्षेत्र-गोरखपुर, बुन्देलखण्ड (झांसी) एवं अयोध्या हेतु निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पदों को, स्तम्भ-4 में अंकित वेतनमान में आदेश निर्गत होने की तिथि से दिनांक 28

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

फरवरी, 2026 तक की अवधि के लिए, यदि यह पद इसके पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिये जायं, सृजित करने की भी श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1	2	3	4
1	उप परिवहन आयुक्त	03	मैट्रिक्स लेवल-13, तत्सदृश वेतनबैण्ड रू0 37,400-67,000, ग्रेड वेतन 8700/-
2	प्रधान सहायक	03	मैट्रिक्स लेवल-6, तत्सदृश वेतनबैण्ड रू0 9300-34,800, ग्रेड वेतन 4200/-
3	आशुलिपिक	03	मैट्रिक्स लेवल-5, तत्सदृश वेतनबैण्ड रू0 5200-20,200, ग्रेड वेतन 2800/-

4. उक्त पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर वेतन-भत्ते तथा अन्य भत्ते, जो भी नियमानुसार अनुमन्य हों, देय होंगे।

5. उपर्युक्त प्रस्तर-3 की तालिका के स्तम्भ-2 के अनुसार सृजित पदों को उपलब्ध संगत सेवा नियमावली के उपलब्ध कैडर में वृद्धि के रूप में सम्मिलित माना जायेगा।

6. इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-43 के अधीन लेखाशीर्ष ''3055-सड़क परिवहन-आयोजनेत्तर-001- निदेशन और प्रशासन-03 अधिष्ठान व्यय'' के अंतर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

7. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-9- 46 /दस-2025-26, दिनांक 24 जुलाई, 2025 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
अमित गुप्ता
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) निजी सचिव, मा0 परिवहन मंत्री जी, उ0प्र0।
(2) महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)।
(4) समस्त अपर परिवहन आयुक्त उ0प्र0 (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)।
(5) समस्त उप परिवहन आयुक्त (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)।
(6) संबंधित कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)।
(7) समस्त संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), उ0प्र0।
(8) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9, उ0प्र0 शासन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

(9) कार्मिक अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
(10) कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश शासन।
(11) परिवहन अनुभाग-4, उत्तर प्रदेश शासन।
(12) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
नितिन कुमार गुप्त
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।